

## एक नजर में

### तिरंगा यात्रा निकाल कर किया हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ




**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास द्वारा,तिरंगा यात्रा निकाल कर हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया ।महाविद्यालय के एन सी सी , एन एस एस,युवा पर्यटन क्लब,इको क्लब के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ एस पी एस राणा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष पारीक, नयन कानूनगो द्वारा तिरंग यात्रा का शुभारंभ किया। उक्त तिरंगा यात्रा महाविद्यालय से नाहर दरवाजे तक निकली गई। यात्रा में विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्र भक्ति और स्वच्छता जागरूकता के नारे लगा का लोगो को जागरूकता का संदेश भी दिया। नोडल अधिकारी डॉ संजय गाडगे ने बताया कि हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के 250 स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन पंजीयन भी करवा लिया है साथ ही इसके अंतर्गत सेल्फी विद तिरंगा और सेल्फी प्वाइंट भी महाविद्यालय में बनाया जाएगा। आज आयोजित तिरंगा यात्रा में 90 एन सी सी , एन एस एस,युवा पर्यटन क्लब,इको क्लब के विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने सहभागिता की। रैली से महाविद्यालय लौटने के बाद परिसर की सफाई की गई तथा सामूहिक राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय के नारों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### महापौर ने सफाई मित्र बहनों के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व



**देवास।** रक्षा बंधन के पावन पर्व नगर निगम मे कार्यरत सफाई महिला मित्र बहनों के साथ महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ मनाया गया। मंगलवार 12 अगस्त को स्थानिय सिविल लाईन स्थित महापौर निवास पर आनंद एवं उत्साह से परिपूर्ण कार्यक्रम मे महापौर श्रीमती अग्रवाल, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि श्री अग्रवाल को 50 महिला सफाई मित्र बहनों के द्वारा रक्षा सुत्र के रूप मे राखियां बांधी गई। जिसमे सर्वप्रथम नन्ही बालिका प्रव्या सांगते के द्वारा राखी बांधी गई।इस अवसर पर महापौर ने उपस्थित सफाई मित्र बहनों को रक्षा बंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित कर बधाई दी गई। इस अवसर पर विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि श्री अग्रवाल ने कहा कि हमें स्वच्छता मे प्रथम स्थान दिलाने मे महिला सफाई मित्र बहनों का अतुलनीय योगदान मिला।हम प्रतिवर्ष सफाई मित्र बहनों से राखी के रूप मे रक्षा सुत्र बंधवाकर आर्शिवाद प्राप्त करते है। इस अवसर पर रिना सांगते, सरला सांगते, निरू सांगते, मीना सांगते, बबीता चौहान, सुलोचना आदिवाल, लता सांगते, भूरी सांगते, सुनिता सांगते, कृष्णा सांगते, शोभा पथरोड, राजश्री डांगर, रचना पाटनकर, सुनिता सांगते आदि सफाई मित्र बहनों ने महापौर श्रीमती अग्रवाल व विधायक एवं महापौर प्रतिनिधी श्री अग्रवाल को राखी बांधी। इस अवसर पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, जितेन्द्र जायसवाल आदि सहित बडी संख्या मे सफाई मित्र बहनें उपस्थित रहीं।

### भाजपा की भव्य तिरंगा यात्रा



**देवास।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत देवास में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने हाटपीपल्या विधानसभा के शिप्रा मंडल द्वारा ग्राम चंदाना से बैरागढ़ तक आयोजित इस यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, मंडल अध्यक्ष विश्वाश उपाध्याय, ओम जोशी, बलराम चौधरी, वरुण चौधरी, कपिल सिंह पवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस भव्य कार्यक्रम में भारत माता का गरिमामय पूजन किया गया, और तिरंगे की शान में सड़कें पूरी तरह रंगीन हो उठीं। पूरे मार्ग पर राष्ट्रप्रेम की गहन भावना महसूस की गई, जहां हर कदम पर भारत माता की जयकार गूंजती रही। इस भव्य तिरंगा यात्रा ने पूरे इलाके को वीरता और सम्मान से सजाया, जिससे उपस्थित जनों के दिलों में देशभक्ति का उत्साह और बढ़ गया। साथ ही स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ग्राम पंचायत चापड़ा में आयोजित तिरंगा यात्रा में भी भाजपा जिलाध्यक्ष सेंधव ने हिस्सा लिया। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रप्रेम के महाअभियान में सक्रिय भूमिका निभाएँ और देश के प्रति अपनी निष्ठा को नए उत्साह के साथ प्रकट करें।

### तिरंगा यात्रा में सभी सहभागी बने : कलेक्टर सिंह

**देवास।** देवास में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिला स्तर पर 13 अगस्त को प्रात- 10 बजे श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम देवास से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। यात्रा सयाजी द्वार देवास पर संपन्न होगी। तिरंगा यात्रा में जनप्रतिधिगण, सामाजिक संगठन, उद्योग संगठन, व्यापारी संगठन, स्कूल, कॉलेज, खेल स्वास्थ्य, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं देवास शहर के नागरिक सम्मिलित होंगे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सभी से आग्रह किया है कि इस तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर सहभागी बने। उन्होंने कहा कि जिले में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान में सभी सहभागी बने। अभियान के तहत अपने-अपने घरों में तिरंगा लगाये। सेल्फी पाइंट पर सेल्फी लेकर सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करें तथा तिरंगा के साथ सेल्फी लेकर पर सेल्फी अपलोड करें। उल्लेखनीय है कि देवास जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस पर ' 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' ' अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों संचालित की जा रही है। इस दौरान तिरंगा रैली, तिरंगा वाहन रैली, रंगोली, पेंटिंग एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलाई गई जा रही है। अभियान के तहत 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित होंगी।

# 50 बेड सिविल हॉस्पिटल जनता को समर्पित

## सिविल हास्पिटल में मरीजों को दवाईयां निशुल्क मिलना चाहिए, बाजार से दवाई लिखने वाले डाक्टरो पर कड़ी कार्रवाई होगी : कैलाश विजयवर्गीय

**सरदारपुर मे धार जिले का सबसे दूसरा सबसे बड़ा हास्पिटल बनाएंगे -**




**सरदारपुर- सरदारपुर आज विकास के नए अध्याय का साक्षी बना। जब प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का लोकार्पण करते हुए क्षेत्र को स्वास्थ्य सुविधाओ की बड़ी सौगात दी। लोकार्पण समारोह मे मंत्री ने कहा कि अस्पताल की हर जरूरत को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा? किसी भी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओ मे कमी नही रहने दी जाएगी ।उन्होने ऑनरेरी सेवा देने वाले डॉक्टरों से अस्पताल मे जुड़कर जनसेवा का आग्रह किया और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को आवश्यकतानुसार तकनीशियन नियुक्त करने के निर्देश दिए।**

नगरीय विकास, आवास व प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने फीता काटकर सिविल हॉस्पिटल का लोकार्पण करते हुए हास्पिटल मे पहुंचकर उपलब्ध तमाम सुविधाओ का अवलोकन करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की ।मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरदारपुर मे उच्चतम मापदण्ड के सिविल हॉस्पिटल मे बेहतर इलाज की सुविधाएं उपलब्ध हो गई है ।यहां के मरीजो को अब छोटी-छोटी जांच, आपरेशन के लिए बाहर इलाज के लिए नही जाना पड़ेगा ।यहां कार्यरत डाक्टर मरीजो का इलाज पूरी इमानदारी से करेगे ।मरीजो को इस हास्पिटल मे दवाइयां निशुल्क मिलेगी ।यदि कोई डाक्टर मरीजो को बाहर बाजार मेडिकल स्टोर से दवाइयां लिखता है तो उस पर कठोर कार्यवाही होगी ।सरदारपुर तहसील का क्षेत्रफल बड़ा है ।यहां के आदिवासी बहुल क्षेत्र के सभी वर्गो के लोगो को बेहतर स्वास्थ सुविधाएं मिलेगी ।हमारी सरकार आने वाले समय मे सरदारपुर के हास्पिटल को धार जिले का दूसरा सबसे बड़ा हास्पिटल बनाएंगी ।जहां जिला अस्पताल जैसी सुविधाएं दी जाएंगी ।भाजपा सरकार ने आयुष्मान कार्ड बनाकर लोगो को नि:शुल्क स्वास्थ सेवा की सौगात दी।

प्रभारी मंत्री ने सरदारपुर, राजगढ़ नगर परिषद सीएमओ की शिकायत मिलने पर फटकार लगाते हुए कहा कि नगर परिषद मे किसी भी दल की सरकार हो लेकिन पक्षपात नही होना चाहिए ।सभी दलो के पार्षदो के कार्य बिना किसी भेदभाव के होना चाहिए ।यदि अब मुझे इस बारे मे शिकायत मिली तो सम्बन्धित सीएमओ के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी ।मंत्री ने सरदारपुर नगर परिषद को शव वाहन देने की घोषणा की। प्रभारी मंत्री ने पर्यावरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हमे हमारे जीवन काल को पूरा करने के लिए 100 पेड़ो की आवश्यकता होती है ।इसलिए प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह 200 वृक्षारोपण कर उन्हे बड़ा कर भविष्य की पीढ़ी के बेहतर जीवन के लिए तैयार करेगा ।वही उपस्थित लोगो को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई ।लोकार्पण के बाद सिविल हॉस्पिटल से तिरंगा यात्रा शुरू हुई जिसका बस स्टैंड पर समापन हुआ।

मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि खरमोर अभयारण्य में अधिग्रहित 14 गांवो की भूमि अब किसानो को मालिकाना हक के साथ वापस मिल गई है ।साथ ही, क्षेत्र को 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़को की भी सौगात दी गई ।बिजली और सड़क उत्पादन मे वाजिफ मूल्य देने की जानकारी देते हुए उन्होने हरियाली को समय की जरूरत बताया और प्रेरित किया कि हर व्यक्ति हर साल अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाए।

महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि हर बहन 卐लखपति बहनाओं卐 की सूची मे शामिल हो, और सरकार ने इसके लिए कई योजनाएं लागू की है। प्रभारी मंत्री ने जनपद पंचायत सरदारपुर में 18 नवीन ग्राम पंचायत भवनों (अटल सेवा सदन) का भूमि पूजन किया। प्रत्येक भवन पर 37.50 लाख रुपये की लागत आएगी, जो ग्रामीण प्रशासन और सेवा वितरण को सुदृढ़ करेगा ।इस अवसर पर जिला भाजपा (शहरी) अध्यक्ष निलेश भारती, जिला भाजपा (ग्रामीण) अध्यक्ष चंचल पाटीदार, सरदारपुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष ओकारलाल जाट, विधायक प्रताप ग्रेवाल, पूर्व भाजपा विधायक वेलसिंह भूरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा, जिला पंचायत सदस्य गायत्री पुरोहित, सरदारपुर नगर परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी ग्रेवाल, राजगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष सवेरा जायसवाल सहित अनेक नेता मंच पर आसीन थे।

प्रभारी मंत्री की आगवानी एसडीएम आशा परमार ने की ।इस कार्यक्रम मे कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक चौधरी, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का करेंगे भूमिपूजन

**प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने भैसोला पहुचकर पीएम मित्रा पार्क के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की**

**25 अगस्त को आएंगे प्रधानमंत्री श्री मोदी**



**धार - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 अगस्त को मध्यप्रदेश आएंगे और धार जिले के भैसोला में बनने वाले देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन कर प्रदेश को विकास की एक और सौगात देंगे।**

प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भैसोला पहुचकर पीएम मित्रा पार्क के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और एसपी मनोज कुमार सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण और संबंधित अधिकारीगण यहाँ उपस्थित थे।

उन्होंने कलेक्टर श्री मिश्रा से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पीएम मित्रा पार्क के भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए धार आगमन एवं जनसभा से जु?ी सभी तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। पीएम मित्रा पार्क का निर्माण इस क्षेत्र के किसानों और श्रमिकों की जिंदगी बदलने का अवसर है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में आने वाले प्रतिभागियों को बिना किसी बाधा के सभा स्थल तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने सभास्थल हेलीपेड आवागमन पार्किंग की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और स्थल देखे।



## वाल्मीकि समाज गोगादेव महाराज की निकाल रहे हैं छड़ी निशान

*17 को मनाएंगे गोगानवमी निकलेगी शोभायात्रा*

**सरदारपुर।** वाल्मीकि समाज 17 अगस्त को गोगानवमी जन्मोत्सव मनाएंगे। इसके लिए वाल्मीकि समाजजनो द्वारा तैयारियां चल रही है। समाज के उस्ताद कमलेश रामगोपाल गोखले, अरुण गोखले ने बताया कि गोगादेव जन्मोत्सव पर गाजे बाजे ढोल ताशे के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ में सुंदर झांकी भी रहेगी। इन्होने बताया कि गोगानवमी के तहत रोजाना समाजजनो द्वारा सुबह-शाम पूजन आरती की जा रही है। साथ ही शाम को छड़ी निशान को उठाकर नगर भ्रमण करवाया जा रहा है।



## प्रेम प्रसंग में हत्या के मामले में बाकानेरपुलीस को मिली बड़ी सफलता

**बाकानेर**-11 अगस्त को अपराध क्र .530/ 25 धारा 103 ( 1 )क्क्रस् 2023में प्रेम प्रसंग के चलते हत्या के आरोपी दिनेश अमरसिंह वास्केल जाति मानकर निवासी भीलटपुरा बालिपुर के द्वारा .6 अगस्त को मृतक राहुल शांतिलाल मुवेल जाति भिलाला उम्र 25 वर्ष निवासी इन्द्रा कालोनी बाकानेर को अपने घर के अन्दर पत्नि के साथ उसकी अनुपस्थिति मैं देख लिया था जो आरोपी द्वारा राहुल के साथ हाथ पैर एवं सिर पर पत्थर से मारपीट की थी मृतक अपनी जान बचाकर बाकानेर से कही भाग गयाथा। मारपीट मैं राहुल को सिर मैं गंभीर चोट से फ्रेच्चर आने से दि .9 अगस्त को शाम 6 बजें राहुल की मृत्यु हो गई थी! जिसका मर्ग कायम कर जाँच में लिया गयाथा जाँच के दौरान आरोपी दिनेश मानकर के विरुद्ध थाना मनावर मैं आपराध पंजीबद्ध कर दिवेचना मे लिया गया रिपोर्ट पर आरोपी की तलास शुरुकी 11 / अगस्त को आरोपी दिनेश अमरसिंह को 24 घंटे को भीतर पकड़ कर मामले का खुलासा किया! खुलासे मैं कार्यवाही की अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अनु बेनिवाल,थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान, चौकी प्रभारी प्रशांत पाल, मनोज पाटिदार महेश जाट, बिशन मुझाल्दा, राकेश कन्नौज, अनिल सोलंकी का सराहनीय योगदान रहा.

**एक नजर** | **आदिवासी समाज के युवाओं ने आदिवासी पारंपरिक संस्कृति धरोहर को संरक्षित करने का संकल्प लिया**

## आदिवासी दिवस पर जयस संगठन ने विशाल रैली निकाली

**बाकानेर**--विश्व आदिवासी दिवस पर बाकानेर एवं आसपास के जयस संगठन एवं आदिवासी समाज के लोगों द्वारा एक विशाल चल समारोह निकाला गया एक तिर एक कमान आदिवासी एक समान के साथ युवा वर्ग चल समारोह में चल रहे थे। समाज के युवाओं द्वारा आदिवासी संस्कृति पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। आदिवासी समाज के युवाओं ने आदिवासी पारंपरिक संस्कृति धरोहर को संरक्षित करने का संकल्प लिया। ईस अवसर बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे ।



